नव भारत
राष्ट्रहित का प्रहरी 1934 से
इंदौर 65 वां वर्ष संस्करण


6 राष्ट्र निर्माण के प्रति समर्पित हैं मोहन भागवत


5 नेपाल में फंसी भारतीय युवती की मदद


8 भारत ने सुपर में दर्ज की धमाकेदार जीत


9 अंतिम चरण में रेलवे विद्युतीकरण मिशन

# नेपाल में सेना ने संभाली कमान

**30** मौतें हुईं नेपाल प्रदर्शन में | **1500** कैदी लूट और हिंसा के बीच जेलों से भागे | **05** करोड़ सुपरमार्केट से और एक होटल से 33 लाख रुपये लूटे | **2500** से अधिक पीएम बनने के लिए सुशीला कार्की को मिले हैं हस्ताक्षर

**काठमांडू, 10 सितंबर.नेपाल में भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया पर प्रतिबंध के विरोध में शुरू हुआ जेन-जेड आंदोलन हिंसक रूप लेने के बाद अब सेना के नियंत्रण में है। हिंसक प्रदर्शनों के कारण प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली की सरकार गिरने के बाद देश में एक कार्यवाहक प्रधानमंत्री की तलाश तेज हो गई है। प्रदर्शनों के दौरान 30 लोगों की मौत हुई है, जबकि 1033 लोग घायल हुए हैं।**

बुधवार को सेना के सड़कों पर उतरने और देशव्यापी कर्फ्यू लगाने के बाद काठमांडू सहित अन्य शहरों में स्थिति नियंत्रण में आती दिखी। सेना ने तोड़फोड़ और लूटपाट करने वाले तत्वों को चेतावनी जारी की और कई गिरफ्तारियां भी की हैं। महाराजगंज के एक सुपरमार्केट में हुई लूट में शामिल चार लोगों को



गिरफ्तार किया गया है। साथ ही, जेलों से फरार हुए कैदियों की तलाश भी जारी है। सेना ने यह भी पुष्टि की है कि काठमांडू की केंद्रीय कारागार से भागने की कोशिश को नाकाम कर दिया गया है। देश में फंसे विदेशी नागरिकों को सुरक्षित स्थानों और हवाई अड्डे तक पहुँचाने में भी सेना मदद कर रही है। हालात में सुधार को देखते हुए 24 घंटे बाद त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा दोबारा खोल दिया गया है। प्रदर्शनों में हुई हिंसा से भारी नुकसान हुआ है। स्वास्थ्य मंत्रालय के अनुसार, प्रदर्शनों में मरने वालों की संख्या 30 हो गई है, जबकि 1033 लोग घायल हुए हैं। मंगलवार को प्रदर्शनकारियों की पिटाई से दो पुलिसकर्मियों, पुलिस उप निरीक्षक मिलन राय और उत्तम राय की मौत हो गई थी। इसके अलावा, सिंधुली जेल से 471 समेत कुल डेढ़ हजार से ज़्यादा कैदी फरार हो गए। आंदोलन की आड़ में बड़े पैमाने पर लूटपाट भी हुई है, जिसमें एक सुपरमार्केट से लगभग पाँच करोड़ और एक होटल से 33 लाख रुपये लूटे गए हैं।

### नेपाल एयरलाइंस ने फिर से शुरू कीं अंतरराष्ट्रीय उड़ानें

**काठमांडू.** नेपाल नागरिक उड्डयन प्राधिकरण (सीएएएन) की ओर से जारी नोटम (नोटिस टू एयरमेन) को रद्द किए जाने और त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा (आईटीए) के फिर से खोलने के साथ ही, नेपाल एयरलाइंस ने 10 सितंबर के लिए कुछ महत्वपूर्ण अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के पुन: संचालन की घोषणा की है .फिर से शुरू की गई उड़ानों में काठमांडू से नारिता, काठमांडू से कुआलालंपुर, काठमांडू से दोहा और काठमांडू से दम्माम शामिल हैं. नेपाल एयरलाइंस ने यात्रियों को आगाह किया है कि उड़ानों में देरी हो सकती है, जिसके पीछे क्रू और यात्रियों की रिपोर्टिंग टाइम, एयरपोर्ट काउंटर पर भीड़ और अन्य तकनीकी कारण हो सकते हैं.

### कार्यवाहक प्रधानमंत्री की तलाश



प्रधानमंत्री केपी शर्मा ओली के इस्तीफे के बाद अब कार्यवाहक प्रधानमंत्री की तलाश शुरू हो गई है। जेन-जेड आंदोलन के सदस्यों ने एक वर्चुअल बैठक में पूर्व मुख्य न्यायाधीश सुशीला कार्की को इस पद के लिए नामित किया है। उन्हें कार्यवाहक प्रधानमंत्री बनने का प्रस्ताव भी दिया गया था, जिसके लिए उन्होंने 1,000 लिखित हस्ताक्षरों की मांग की थी, लेकिन उन्हें 2,500 से अधिक हस्ताक्षर मिले हैं। कार्की का नाम सबसे आगे चल रहा है, जबकि मेयर बालेन शाह, कुलमैन घिसिंग, सागर ढकाल और हर्क साम्पांग जैसे नामों पर भी चर्चा हुई।

### अन्य नामों पर भी चर्चा

बैठक में कुलमान घिसिंग, सागर ढकाल और हर्का सम्पांग जैसे नामों पर भी चर्चा हुई. दिलचस्प यह रहा कि यूट्यूबर Random Nepali को भी वोट मिले, लेकिन उन्होंने साफ कहा कि वे तभी भूमिका लेंगे जब बाकी सभी इनकार कर देंगे .ऐसे में दिलचस्प यह देखना होगा कि अगर सुषिला कार्की प्रस्ताव स्वीकार करती हैं, तो माना जा रहा है कि वह पहले सेना प्रमुख जनरल अशोक राज सिग्देल से मुलाकात करेंगी, जिसके बाद राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल की औपचारिक मंजूरी जरूरी होगी.

# कोलकाता में मिला 14600 करोड़ रुपए का निवेश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 10 सितंबर. प्रदेश में निवेश लाने के लिये मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बुधवार को कोलकाता में थे. यहां उन्होंने पश्चिम बंगाल के निवेशकों के साथ वन-टू-वन चर्चा की और इंटरैक्टिव सेशन को भी संबोधित किया. इस दौरान निवेशकों ने मप्र में 14600 करोड़ रुपये निवेश करने का प्रस्ताव दिया. इस निवेश प्रस्ताव से प्रदेश में 16900 से अधिक लोगों को रोजगार मिल सकेगा.**



कोलकाता के जे. डब्ल्यू मैरियट होटल में निवेश संभावनाओं पर इंटरैक्टिव सेशन को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने उद्योगपतियों का आहवान किया कि वे मप्र आये, राज्य सरकार निवेशकों को पीएम मित्रा पार्क में हर संभव सहायता और सुविधा उपलब्ध करवायेगी. धार का पीएम मित्रा पार्क भारत के औद्योगिक विकास की यात्रा में महत्वपूर्ण आयाम जोड़ेगा. मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मप्र में उत्पादित आर्गेनिक कॉटन की मांग अनेक देशों में है.

### इंटरैक्टिव सेशन में प्राप्त हुये निवेश प्रस्ताव

| उद्योगपति का नाम | कम्पनी | सेक्टर | निवेश राशि (करोड़ में) | अनुमानित रोजगार |
|---|---|---|---|---|
| पवन कुमार रूईया | रूईया ग्रुप | मल्टी | 4200 | 5000 |
| ज्ञानेश चौधरी | विक्रम सोलार | नवकरणीय ऊर्जा | 10150 | 9000 |
| यशवर्धन अग्रवाल | इसेन बायोग्रीन प्रा.लि./आयुरवृद्धि | फूड प्रोसेसिंग | 150 | 400 |
| विपुल कंसाल | अजंता शूज | फुट वियर | 100 | 2500 |
| योग | | | 14600 | 16900 |

### एक नजर में



#### आतंकवाद के विरुद्ध भारत-इजरायल अडिग

**गांधीनगर.** इजराइल के वित्त मंत्री बेजेलेल स्मोट्रिच और उनके प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को गांधीनगर में गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल से मुलाकात की. इजराइली वित्त मंत्री की यह पहली भारत यात्रा है. स्मोट्रिच ने भारत, गुजरात और इजराइल के बीच हेरिटेज, ट्रेडिशन, कल्चर और टेक्नोलॉजी के क्षेत्रों में समानता होने का उल्लेख करते हुए भविष्य में इस संबंध को और सुदृढ़ बनाने के मुद्दे पर मुख्यमंत्री के साथ बातचीत की. उन्होंने कहा कि वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे प्रतिभाशाली राष्ट्र पुरुष की जन्मभूमि देखने की इच्छा के साथ-साथ बिजनेस टू बिजनेस संबंध विकसित करने और गिफ्ट सिटी जैसे अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्र में इजराइल के वित्तीय संस्थानों के प्रबंधन की संभावनाओं को लेकर विशेष रूप से गुजरात आए हैं. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और इजराइल के प्रधानमंत्री के व्यक्तिगत संबंध, और आतंकवाद के विरुद्ध संघर्ष के लिए दोनों की प्रतिबद्धता से दोनों देश अधिक निकट आए हैं.

#### रैपिडो चालक से लूट के बाद चाकू मारकर हत्या

**नई दिल्ली.** दिल्ली के रोहिणी में रैपिडो चालक से लूटपाट की कोशिश में असफल रहने पर तीन युवकों ने उसकी बेरहमी से चाकू मारकर हत्या कर दी. वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए, लेकिन दिल्ली पुलिस की रोहिणी जिला की केएन काटजू मार्ग थाना टीम ने हत्या की गुत्थी सुलझाते हुए तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है. पुलिस ने आरोपियों से हत्या में इस्तेमाल चाकू, मोटरसाइकिल, खून से सने कपड़े और मृतक का मोबाइल फोन बरामद किया है. उपायुक्त रोहिणी, राजीव रंजन ने बताया कि यह वारदात 9 सितम्बर की सुबह करीब 6-15 बजे शमशान घाट रोड, सेक्टर-26 रोहिणी पर सामने आई. सूचना पर पहुंची पुलिस ने देखा कि 30 वर्षीय युवक राजीव गार्डन, लोनिया देहात (ग़ाज़ियाबाद) निवासी राज्जब खान खून से लथपथ मृत पड़ा था.

## सीपी राधाकृष्णन कल लेंगे उपराष्ट्रपति पद की शपथ

**नई दिल्ली, 10 सितंबर.** देश के नवनिर्वाचित उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन 12 सितंबर को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू द्वारा पद की शपथ ले सकते हैं। राष्ट्रपति भवन में एक औपचारिक समारोह में शपथ ग्रहण का कार्यक्रम तय हुआ है। 67 वर्षीय राधाकृष्णन ने हाल ही में हुए उपराष्ट्रपति चुनाव में संयुक्त विपक्षी उम्मीदवार बी. सुदर्शन रेड्डी को हराकर जीत हासिल की थी। यह चुनाव पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ के 21 जुलाई को अचानक दिए गए इस्तीफे के कारण हुआ था। मंगलवार को संसद भवन में हुए मतदान में राधाकृष्णन को 752 वैध मतों में से 452 वोट मिले, जबकि रेड्डी को 300 वोट प्राप्त हुए।

# दुर्घटना में चार की मौत

### ट्रक ने कार को मारी टक्कर, एक ही परिवार के सदस्य

**सागर 10 सितंबर. सागर जिले के मालथौन थाना अंतर्गत बरोदिया कला पुलिस चौकी क्षेत्र मे खुशालीपुरा के समीप कार को तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी. जिसमे कार में सवार चार की मौत हो गई जबकि कार मे सवार चार बच्चे और कार चालक घायल हो गया.**

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार आज बुधवार की दोपहर में दमोह जिले के जबेरा थाना क्षेत्र के जैन परिवार के सदस्य निजी कार से गोलाकोट शिवपुरी की ओर जा रहे थे कि राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 झांसी लखनादौन के बीच सागर ललितपुर मार्ग पर मालथौन थाना क्षेत्र के खुसालीपुरा के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने कार को पीछे से टक्कर मार दी, जिससे कार डिवाइडर से टकरा कर पलट गई और गढ़ाकोटा के सुपेंद्र जैन उम्र 32 वर्ष और जबेरा की ऋतु जैन उम्र 35 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई, वही कार में सवार सचिन जैन उम्र 40 वर्ष निवासी जबेरा, अक्ष जैन पिता सुपेंद्र जैन उम्र ढाई वर्ष की सागर के निजी अस्पताल में उपचार के दौरान मृत्यु हो गई. इसके साथ ही चार बच्चे और चालक घायल हो गए, सुपेंद्र जैन सचिन के बहनोई थे. जिनको प्राथमिक उपचार के बाद सागर रैफर कर दिया गया है. पुलिस ने ट्रक चालक के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर जांच मे ले लिया है.

## नेपाल में फंसे छतरपुर के लोगों को वापस बुलाने सीएम ने दिये निर्देश

**प्रशासनिक संवाददाता**

**भोपाल, 10 सितंबर.** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने छतरपुर के कुछ परिवारों के सदस्यों के नेपाल में फंसे होने के समाचार पर संज्ञान लिया है. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सोशल मीडिया एक्स पर कहा कि नेपाल में इन दिनों सामान्य स्थिति नहीं है और वहां छतरपुर जिले के कुछ नागरिकों का फंसा होना चिंता का विषय है. उनकी सकुशल वापसी के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं. मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि भारत सरकार के अधिकारियों से समन्वय स्थापित कर उनकी सकुशल भारत वापसी के लिए प्रयास किए जा रहे हैं.

# चुनाव आयोग की तानाशाही बर्दाश्त नहीं

### रायबरेली में राहुल गांधी का हमला- चुनाव आयोग तानाशाह

**रायबरेली, 10 सितंबर कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने रायबरेली में जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा और आरएसएस पर ओबीसी, दलित और आदिवासियों को पीछे रखने का आरोप लगाया। उन्होंने चुनाव आयोग पर भी तीखा हमला बोला और कहा कि वोट चोरी हो रही है और चुनाव आयोग उसे रोकने के बजाय तानाशाही कर रहा है।**

बुधवार को रायबरेली पहुंचे राहुल गांधी ने एक बार फिर सियासी पारा चढ़ा दिया। उन्होंने भाजपा और आरएसएस पर



हमला बोलते हुए कहा कि देश की 90 फीसदी आबादी ओबीसी, दलित और आदिवासी समुदाय की है, लेकिन इन्हें दबाकर रखा जा रहा है। राहुल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी खुद ओबीसी हैं, लेकिन जातिगत जनगणना पर चुप्पी साधे हुए हैं। राहुल गांधी ने बटोही रिजॉर्ट में आयोजित बूथ स्तरीय कांग्रेस कार्यकर्ता सम्मेलन में कहा, पहले कहा जाता था कि दाल में कुछ काला है, अब हमारे पास सबूत हैं। वोट चोरी हो रही है, और चुनाव आयोग इस पर चुप है। ये तानाशाही नहीं तो और क्या है? राहुल गांधी के काफिले को उस समय विरोध का सामना करना पड़ा जब योगी सरकार के मंत्री दिनेश प्रताप सिंह उनके रास्ते में धरने पर बैठ गए। पुलिस को हस्तक्षेप कर उन्हें वहां से हटाना पड़ा। इस टकराव के चलते राहुल का काफिला 5 मिनट तक रुका रहा। कार्यक्रम में राहुल ने कांग्रेस कार्यकर्ताओं को लोकसभा चुनाव में मिली जीत का श्रेय दिया और कहा कि जनता की आवाज को दबाया जा रहा है।

# कोर्ट में सोनिया गांधी पर याचिका

- 1983 में मिली नागरिकता, फिर भी पहले से वोटर?
- मतदाता सूची में नाम घोटाले का आरोप सोनिया पर

**नयी दिल्ली, 10 सितंबर (वार्ता). दिल्ली की एक अदालत ने कांग्रेस नेता सोनिया गांधी के कथित तौर पर भारत की नागरिकता लेने से पहले यहां की मतदाता सूची में नाम शामिल होने के आरोप मामले में उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज करने की मांग को लेकर पेश याचिका पर बुधवार को अपना फैसला सुरक्षित रख लिया।**



राउज एवेन्यू स्थित अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट वैभव चौरसिया ने शिकायतकर्ता विकास त्रिपाठी की याचिका पर सुनवाई के बाद यह फैसला लिया। अदालत ने याचिकाकर्ता की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता पवन नारंग की दलीलें सुनने के बाद यह फैसला सुरक्षित रख लिया। त्रिपाठी की याचिका में श्रीमती गांधी पर गंभीर आरोप लगाये गए हैं। याचिका में श्रीमती गांधी का नाम भारत की नागरिकता हासिल करने से पहले 1980 में नई दिल्ली निर्वाचन क्षेत्र की मतदाता सूची में शामिल किया गया था।

# एमपी को 'बेस्ट स्टेट टूरिज्म बोर्ड' अवॉर्ड

- केंद्रीय मंत्री गजेंद्र शेखावत ने प्रदान किया अवार्ड
- नई दिल्ली में मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड हुआ सम्मानित

**नई दिल्ली, 10 सितंबर. केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री श्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने मध्य प्रदेश टूरिज्म बोर्ड (एमपीटीबी) को प्रतिष्ठित बेस्ट स्टेट टूरिज्म बोर्ड अवॉर्ड से सम्मानित किया है। यह सम्मान नई दिल्ली के ली मेरिडियन में 9 सितम्बर को आयोजित भव्य इंडिया ट्रैवल अवॉर्ड्स 2025 समारोह में प्रदान किया गया।**

इस राष्ट्रीय स्तर के सम्मान ने भारत के पर्यटन क्षेत्र में नवाचार,




उत्कृष्टता और सतत विकास को लेकर मध्य प्रदेश की अग्रणी भूमिका को रेखांकित किया है। पर्यटन, संस्कृति और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री धर्मेंद्र सिंह लोधी ने कहा कि यह सम्मान मध्य प्रदेश की जनता और यहां की संस्कृति के गौरव का प्रतीक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में राज्य सरकार ने पर्यटन को विकास की धुरी बनाने का संकल्प लिया है। प्रदेश की धरोहर, प्राकृतिक संपदा और लोकपरंपराओं को विश्वस्तर पर पहचान दिलाने के लिए हम लगातार प्रयासरत हैं। यह अवॉर्ड हमें और ऊर्जा देता है कि हम पर्यटन को न केवल राज्य की पहचान, बल्कि रोज़गार और आत्मनिर्भरता का मज़बूत साधन भी बनाएं।

# भारत की अर्थव्यवस्था आगे

**नई दिल्ली 10 सितंबर. फिच ने भारत की एफवाई 26 जीडीपी ग्रोथ का अनुमान 6.5 प्रतिशत से बढ़ाकर 6.9 प्रतिशत किया; घरेलू मांग और निवेश को बताया विकास की मुख्य ताकत. भारत की अर्थव्यवस्था वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भी तेज़ रफ्तार से आगे बढ़ रही है.**

ग्लोबल रेटिंग एजेंसी फिच ने अपनी ताज़ा ग्लोबल इकोनॉमिक आउटलुक रिपोर्ट में भारत की विकास दर का अनुमान एफवाई 26 के लिए 6.5प्रतिशत से बढ़ाकर 6.9प्रतिशत कर दिया है. एजेंसी का मानना है कि आने वाले तीन वर्षों तक भारत की जीडीपी ग्रोथ लगातार 6प्रतिशत से ऊपर बनी रहेगी. फिच ने कहा है कि मजबूत घरेलू मांग, बढ़ती वास्तविक आय, और अनुकूल




वित्तीय परिस्थितियाँभारतीय अर्थव्यवस्था को मजबूती प्रदान कर रही हैं. यही नहीं, खर्च और निवेश दोनों में बढ़ोतरी देखने को मिल रही है, जिससे भारत अपनी क्षमता से भी ऊपर प्रदर्शन कर रहा है. रिपोर्ट में यह भी कहा गया है कि भारतीय रिजर्व बैंक वर्ष 2025 के अंत तक 25 बेसिस पॉइंट की दर कटौती कर सकता है. इसके बाद 2026 तक दरों में स्थिरता रहेगी, और 2027 में दरें फिर से बढ़ सकती हैं. फिच ने एफवाई 27 के लिए भारत की विकास दर 6.3प्रतिशत और एफवाई 28 के लिए 6.2प्रतिशत रहने का अनुमान जताया है.

**कूटनीति** | एक तरफ व्यापार समझौते पर भरोसा, दूसरी ओर टैरिफ और रूस से तेल खरीद पर आलोचना

# ट्रंप ने मोदी को बताया सबसे अच्छा दोस्त, सलाहकार ने उगला जहर



**नई दिल्ली, 10 सितंबर। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने हाल ही में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपना अच्छा दोस्त बताते हुए विश्वास जताया है कि भारत के साथ व्यापार समझौते पर जल्द ही अंतिम निर्णय हो जाएगा।**

वहीं, दूसरी तरफ उनके सलाहकार पीटर नवारो ने भारत पर गंभीर आरोप लगाए हैं। ट्रंप ने कहा कि वह जल्द ही इस मुद्दे पर पीएम मोदी से बात करेंगे। उन्होंने ट्रुथ सोशल पर एक पोस्ट में कहा, भारत और अमेरिका के बीच व्यापार समझौते में जो बाधाएं हैं, उन्हें दूर करने के लिए बातचीत जारी है। मुझे भरोसा है कि यह वार्ता ठीक तरह से पूरी हो जाएगी, कोई मुश्किल नहीं आएगी।

ट्रंप के सकारात्मक रुख के ठीक उलट, उनके सलाहकार पीटर नवारो ने एक बार फिर भारत पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अमेरिका को भारत के साथ घाटे का व्यापार नहीं चाहिए। नवारो ने एक्स पर पोस्ट किया, अमेरिका भारत के साथ अनुचित व्यापार नहीं चाहता। हालांकि भारत को अमेरिकी बाजारों और स्कूलों तक पहुंच की सख्त जरूरत है। वह अमेरिकी नौकरियां छीनना जारी रखना चाहता है।उन्होंने अपने पुराने आरोपों को भी दोहराया, जिसमें कहा गया था कि भारत रूस से तेल खरीदकर यूक्रेन युद्ध में उसकी मदद कर रहा है। नवारो ने दावा किया कि भारत भारी टैरिफ लगाता है और अमेरिका का भारत के साथ बड़ा व्यापार घाटा है। उन्होंने कहा कि भारत द्वारा रूस से खरीदे गए तेल से मॉस्को को बहुत फायदा होता है, जिससे वह यूक्रेन युद्ध जारी रखे हुए है। वर्तमान में अमेरिका और भारत के संबंध ट्रंप द्वारा लगाए गए टैरिफ के कारण पिछले दो दशकों में सबसे खराब दौर से गुजर रहे हैं।

### वॉल स्ट्रीट जर्नल के खिलाफ मानहानि का मुकदमा

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने वॉल स्ट्रीट जर्नल के खिलाफ 20 अरब डॉलर का मानहानि का मुकदमा दायर किया है जिसमें उन्होंने आरोप लगाया है कि अखबार ने यह झूठा दावा किया कि उन्होंने 2003 में जेफ्री एपस्टीन के 50वें जन्मदिन के लिए एक अश्लील नोट लिखा था। मियामी की संघीय अदालत में यह मुकदमा दायर किया गया जो कि मीडिया के खिलाफ श्री ट्रम्प के सबसे आक्रामक कानूनी हमलों में से एक है। 18 पन्नों के इस मुकदमे में उनके वकीलों ने जर्नल और उसकी मूल कंपनी डाउ जोन्स पर पत्रकारिता की नैतिकता में घोर विफलता का आरोप लगाया और कहा कि कोई भी प्रामाणिक पत्र या चित्र मौजूद नहीं है।